# कुलसचिव कार्यालय
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007


संदर्भ संख्या :............................................/सम्ब. अनु./2018

दिनांक :. ..................................................

## कार्यालय–आदेश

सूच्य है कि विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालयों में मुख्यतः स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों के शिक्षकों के विवरण उनके फोटो सहित विश्वविद्यालय की वेबसाईट के यू.डी.आर.सी. पोर्टल पर अपलोड किये जाने हेतु बार–बार पत्र निर्गत किया जाता रहा है। इस सम्बन्ध में अद्यतन विश्वविद्यालय के पत्र संख्या : एएफ/17652/सम्ब./2018, दिनांक 07.08.2018 द्वारा भी निर्देशित किया जा चुका है किन्तु कतिपय सहयुक्त महाविद्यालयों द्वारा अभी तक यू.डी.आर.सी. पोर्टल पर प्राचार्य/शिक्षकों का विवरण अपलोड नहीं किया गया है जो सहयुक्तता की शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन है।

अतः समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में निर्धारित मानकानुसार शिक्षकों की सूची सहित समस्त विवरण महाविद्यालय की वेबसाईट के साथ विश्वविद्यालय की वेबसाईट के यू.डी.आर.सी. पोर्टल पर दिनांक 20.11.2018 तक प्रत्येक दशा में अपलोड करना सुनिश्चित करे अन्यथा की स्थिति में शासन व विश्वविद्यालय के निर्देशों तथा सहयुक्तता की शर्तो की स्पष्ट अवहेलना मानते हुए नियमानुसार कार्यवाही यथा–सहयुक्तता समाप्त करने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी जिसके लिए सम्बन्धित महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होंगे।

अग्रेतर यह भी सूचित करना है कि शिक्षकों का ब्यौरा विश्वविद्यालय वेबसाईट/पोर्टल पर अपलोड नहीं किया जाना सहयुक्तता की शर्तों का उल्लंघटन है अतः ऐसे महाविद्यालय जो सहयुक्तता की शर्तों यथा शिक्षकों का ब्यौरा विश्वविद्यालय की वेबसाईट/पोर्टल पर अपलोड नहीं करेंगे उनके अन्य किसी प्रस्तुत होने वाले प्रस्ताव पर विश्वविद्यालय द्वारा सहयुक्तता की शर्तों के उल्लंघन के कारण कोई कार्यवाही नहीं की जायेगी।

(एस0के0 शुक्ल)
कुल सचिव

संख्या : AF/24467–71 दिनांक : 15/11/18

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद, ल0वि0वि0।
3. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि नोटिस को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने एवं समस्त महाविद्यालयों को ई–मेल पर प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. प्रबन्धक/प्राचार्य, समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को अनुपालनार्थ।
5. श्री जे0पी0 सिंह, प्रदेश अध्यक्ष, उच्च शिक्षा उत्थान समिति, स्ववित्तपोषित महाविद्यालय शिक्षक संघ उ0प्र0, ग्राम–देवरी भारत, पोस्ट–रघुनाथपुर, जिला–लखनऊ–227115 को सूचनार्थ।
6. गार्ड फाईल।

(एस0के0 शुक्ल)